## जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदय, फिरोजाबाद की अध्यक्षता में दिनांक 08.04.2025 को आयोजित विकास कार्यों की प्रगति समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।

पत्रांक– 632 / JJM- / 74 दिनांक 15-4-2025

जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना जल जीवन मिशन(हर घर जल) कार्यक्रम अन्तर्गत कराये जा रहे विकास कार्यों की प्रगति समीक्षा बैठक दिनांक 08.04.2025 को जिलाधिकारी कार्यालय में आयोजित की गई, जिसमे निम्नलिखित द्वारा प्रतिभाग किया गया :–

1. श्री मोहन लाल गुप्ता, अपर जिलाधिकारी(नमामि गंगे), फिरोजाबाद।
2. इं0 देवेन्द्र कुमार सिंह, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
3. इं0 सुनील कुमार, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
4. इं0 निखिल कुलश्रेष्ठ, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
5. इं0 शिवम राजपूत, सहायक अभियन्ता(SWSM), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
6. जिला परियोजना प्रबन्धक, टी0पी0आई0, फिरोजाबाद।
7. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, फिरोजाबाद।
8. श्री विजय लोखण्डे, डी0जी0एम0, मै0 एन0सी0सी0 लिमिटेड, फिरोजाबाद।
9. श्री सुशील कुमार, डी0पी0एम0, मै0 लॉर्सन एण्ड टूब्रो लिमिटेड, फिरोजाबाद।

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम (फेज–4) के अन्तर्गत जनपद के 09 विकास खण्ड के अधीन 780 नग राजस्व ग्रामों को शुद्ध पेयजल से आच्छादित किये जाने हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा चयनित फर्मों नामतः मै0 एन0सी0सी0 लिमिटेड पैकेज–1 के अनुबन्ध सं0–15/ED/Phase-4/2023-24 के कार्य प्रारम्भ का दिनांक 09.10.2023 एवं कार्य समाप्ति का दिनांक 08.04.2025 है। इसी प्रकार मै0 लॉर्सन एण्ड टूब्रो लिमिटेड पैकेज–2 के अनुबन्ध सं0–02/ED/Phase-4/2023-24 के कार्य प्रारम्भ का दिनांक 14.07.2023 एवं कार्य समाप्ति का दिनांक 13.01.2025 है, जोकि समाप्त हो चुकी है। फर्मों द्वारा क्रमशः पैकेज–1 व 2 के कार्य सम्पादित कराये जा रहे है।

(1.) पैकेज–01 :–

जिलाधिकारी महोदय द्वारा जल जीवन मिशन(फेज–4) कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद फिरोजाबाद में सतही श्रोत आधारित पेयजल योजना के पैकेज–1 के अधीन निर्माणाधीन कार्यों के विषय में जानकारी चाही गयी, जिस पर अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि पैकेज–1 के अन्तर्गत जल शोधन सयंत्र (WTP) 456 MLD जनपद एटा के विकास खण्ड निधौली कलां, ग्राम भड़ेरा में निर्माणाधीन है, प्रस्तावित घटकों की प्रगति का विवरण निम्नवत् है :–

| S. No. | STRUCTURE | TARGET as per Bar Chart | Actual Progress | Balance |
|---|---|---|---|---|
| 1 | OFF-TAKE CHAMBER & CONNECTING CHANNEL | 100% | 96% | 4% |
| 2 | VALVE CHAMBER AT RWR | 100% | 100% | 0% |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 3 | RAW WATER RESERVOIR CUM PH | 100% | 6% | 94% |
| 4 | CASCADE AERATOR & INLET WORKS | 100% | 18% | 82% |
| 5 | CLARI-FLOCCULATOR | 100% | 40% | 60% |
| 6 | FILTER BEDS WITH BACK WASH TANK ON TOP | 100% | 20% | 80% |
| 7 | CLEAR WATER RESERVOIR | 100% | 47% | 53% |
| 8 | MIBPS-01 CWR & PH 12700 KL | 100% | 55% | 45% |
| 9 | MIBPS-02 CWR & PH 2900 KL | 100% | 71% | 29% |
| 10 | CLEAR WATER RISING MAIN PIPELINE LAYING & JOINTING | 100% | 39% | 61% |
| | **OVERALL PROGRESS** | **100%** | **49%** | **51%** |

**MANPOWER REQUIREMENT**

| S. No. | Detail | Apr'25 | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Req. | Available | Balance |
| 1 | Water Treatment Plant | 455 | 263 | 192 |
| 2 | MIBPS-01 (Ramgarh) | 50 | 42 | 8 |
| 3 | MIBPS-02 (Indrai) | 30 | 17 | 13 |
| 4 | Pipeline - Route 1 & 2 | 120 | 112 | 8 |
| | **TOTAL :-** | **655** | **434** | **221** |

उक्त पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी एवं निर्देशित किया गया कि अतिरिक्त मैन पावर बढ़ाकर कार्यों की प्रगति में अपेक्षित सुधार लाये तथा कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराया जाये।

पैकेज–1 के अन्तर्गत 500 एम0एम0 व्यास से 1800 एम0एम0 व्यास की लगभग 80 कि0मी0 डी0आई0/एम0एस0 पाइप लाइन जनपद फिरोजाबाद की समस्त तहसीलों के 1232 गाटों में कृषकों की भूमि के गाटों के संरेखण में आने वाली भूमि के फसल प्रतिकर दर निर्धारण हेतु कृषकों के सहमति पत्र प्राप्त किया जाना है। वर्तमान में दिनांक 08.04.2025 तक प्रभावित किसानों की कुल संख्या 7779 नग के सापेक्ष मात्र 1750 नग (22.50 प्रतिशत) सहमति पत्र प्राप्त किये गये है, इसी प्रकार कुल 7779 नग के सापेक्ष मात्र 400 नग (5.14 प्रतिशत) व्यक्तिगत नोटिस आवंटित किये गये है, यह प्रगति अत्यन्त धीमी है। निर्देशित किया गया कि उक्त कार्यवाही दिनांक 22.04.2025 से पूर्व पूर्ण करें।

(2.) <u>पैकेज–02</u> :–

जिलाधिकारी महोदय द्वारा जल जीवन मिशन(फेज–4) कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद फिरोजाबाद में सतही श्रोत आधारित पेयजल योजना के पैकेज–2 के अधीन निर्माणाधीन कार्यों के विषय में जानकारी चाही गयी, जिस पर अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि पैकेज–2 के अन्तर्गत प्रस्तावित घटकों की प्रगति का विवरण निम्नवत् है :–

| S. No. | STRUCTURE | TARGET as per Bar Chart | Actual Progress | Balance |
|---|---|---|---|---|
| 1 | IBPS - 7 (1050KL) - CWR & PH | 100% | 67% | 33% |
| 2 | IBPS - 159 (700KL) - CWR & PH | 100% | 65% | 35% |
| 3 | IBPS - 160 (600KL) - CWR & PH | 100% | 54% | 46% |
| 4 | IBPS - 162 (600KL) - CWR & PH | 100% | 74% | 26% |
| 5 | IBPS - 166 (650KL) - CWR & PH | 100% | 53% | 47% |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 6 | IBPS - 167 (950KL) - CWR & PH | 100% | 57% | 43% |
| 7 | IBPS - 168 (1250KL) - CWR & PH | 100% | 64% | 36% |
| 8 | IBPS - 170 (1250KL) - CWR & PH | 100% | 59% | 41% |
| 9 | Boundary wall for OHT & IBPS | 100% | 38% | 62% |
| 10 | Staff Quarters at IBPS | 100% | 70% | 30% |
| 11 | Clear Water Rising Main (272 Km./1332.73 Km.) | 100% | 20% | 80% |
| 12 | Over Head Tank (210 Nos. WIP/249 Nos.) | 100% | 29% | 71% |
| 13 | Distribution Network (2704 Km./5424.70 Km.) | 100% | 48% | 52% |
| | **OVERALL PROGRESS** | **100%** | **54%** | **46%** |

**MANPOWER REQUIREMENT**

| S. No. | Detail | Apr'25 | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Req. | Available | Balance |
| 1 | HDPE Distribution Network | 190 | 46 | 144 |
| 2 | DI Clear Water Raising Main | 105 | 12 | 93 |
| 3 | HSC | 118 | 10 | 108 |
| 4 | Clear Water Reservoir | 90 | 9 | 81 |
| 5 | Clear Water Pump House | 96 | 16 | 80 |
| 6 | CIS OHT | 45 | 16 | 29 |
| 7 | Pre-cast OHT | 160 | 19 | 141 |
| 8 | Road Restroration | 150 | 12 | 138 |
| | **TOTAL :-** | **954** | **140** | **814** |

उक्त पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी एवं निर्देशित किया गया कि अतिरिक्त मैन पावर बढ़ाकर कार्यों की प्रगति में अपेक्षित सुधार लाये तथा कार्यों को समयान्तर्गत पूर्ण करायें।

**सड़क मरम्मत/पुर्नस्थापना कार्य :–** जिलाधिकारी महोदय द्वारा सड़क मरम्मत में लगायी गयी मैनपावर के सम्बन्ध में जानकारी चाही गयी, तो फर्म से उपस्थित श्री सुशील कुमार, फर्म प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि सड़क मरम्मत कार्यों हेतु वर्तमान में कोई मैनपावर कार्यरत नहीं है। उक्त पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी। अवगत कराया गया कि आगामी वर्ष में ग्राम प्रधान के चुनाव होने है जिसके दृष्टिगत पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु काटी गयी सड़कों का मरम्मत/रिस्टोरेसन का कार्य समय से पूर्ण किया जाना अत्यन्त आवश्यक है, परन्तु आपके द्वारा सड़क मरम्मत के कार्यों में शिथिलता बरती जा रही है जोकि अत्यन्त लापरवाही को दर्शाता है। निर्देशित किया गया कि आप सड़क मरम्मत कार्यों हेतु मैनपावर बढ़ाते हुये समस्त खोदी गयी सड़कों का मरम्मत कार्य पूर्ण करते हुये सड़को को आवगमन योग्य बनाया जाये। फर्म को आगामी बैठक में पूर्व में जारी कार्यवृतों की अनुपालन आख्या सहित उपस्थित होने के निर्देश दिये गये।

इसके अतिरिक्त अधिशासी अभियन्ता एवं दोनों फर्मो के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि बार चार्ट के अनुसार निर्धारित मैनपावर नियुक्त न होने तक प्रतिदिन फर्म के परियोजना प्रबन्धक जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय कक्ष में समस्त कम्पोनेंटवार मेन पावर की वास्तविक स्थिति से पूर्वान्ह 11.00 बजे तक उनके समक्ष प्रस्तुत होकर अवगत करायेंगे।

Scanned with OKEN Scanner

जिला परियोजना प्रबन्धक, टी0पी0आई0 को निर्देशित किया गया कि फर्मों द्वारा कराये जा रहे कार्यों की गुणवत्ता बनाये रखने हेतु दैनिक समीक्षा करते हुये सम्पादित कराये जा रहे कार्यों को गुणवत्ता पूर्वक पूर्ण कराये।

अधिशासी अभियन्ता द्वारा दोनों फर्मों की पुनरीक्षित डी0पी0आर0 अनुमोदन हेतु प्रस्तुत की गयी। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि कार्यों की महत्वता के दृष्टिगत अनुबन्धित दोनों फर्म द्वारा कम से कम प्रतिदिन 500 नग मेनपावर नियुक्त की जाये। तदोपरान्त ही पुनरीक्षित डी0पी0आर0 को जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति द्वारा अनुमोदित किया जायेगा।

**धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।**

(मोहन लाल गुप्ता)
अपर जिलाधिकारी
(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति),
फिरोजाबाद।

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार
प्रतिलिपिः—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिलाधिकारी महोदय, फिरोजाबाद।
2. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
3. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 (फिचनर इण्डिया), फिरोजाबाद।
4. परियोजना प्रबन्धक, पैकेज—01 मै0 एन.सी.सी. लिमिटेड, फिरोजाबाद।
5. परियोजना प्रबन्धक, पैकेज—02 मै0 लॉर्सन एण्ड टूब्रो लिमिटेड, फिरोजाबाद।

15/04/25

अपर जिलाधिकारी
(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति),
फिरोजाबाद।

Scanned with OKEN Scanner